तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

10 2.18 करोड़ के विकास कार्यों की वनमंत्री कश्यप ने ....



11 बीजापुर अब सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर : अध्यक्ष



## रेलवे साइडिंग, क्रशर प्लांट एवं परिवहन कार्यों में स्थानीय युवाओं को मिले प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अनुसूचित क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंगरीगुड़ा कुमार मारेंगा में संचालित एनएमडीसी लिमिटेड की परियोजना के रेलवे साइडिंग, क्रेशर प्लांट एवं परिवहन कार्यों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर "दंडकारणीय टिप ट्राला संगठन" ने ज्ञापन सौंपा है।

ग्राम पंचायत की सहमति से गठित संगठन के पदाधिकारी अध्यक्ष बलराम मौर्य, उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, उपाध्यक्ष जीशान कुरैशी, उपाध्यक्ष समीर खान तथा सचिव नवनीत चांद ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा है कि "बस्तर की धरती से निकलने वाला लोहा देश का भविष्य गढ़ता है, तो उस भविष्य में बस्तर के युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होनी चाहिए। यह केवल रोजगार की मांग नहीं, बल्कि संवैधानिक अधिकार और सामाजिक न्याय का प्रश्न है।"संवैधानिक आधार और स्थानीय अधिकारबस्तर जिला संविधान की पाँचवीं अनुसूची के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र है, जहां पेसा कानून लागू है इसके तहत ग्राम सभा को स्थानीय संसाधनों और विकास गतिविधियों में परामर्श एवं सहभागिता का अधिकार प्राप्त है।साथ ही, खनिज प्रभावित क्षेत्रों के विकास हेतु गठित डीएमएफ तथा कंपनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत सीएसआर प्रावधानों का उद्देश्य भी ▶▶|शेष पेज 10 पर

### दंडकारणीय टिप ट्राला संगठन ने सौंपा प्रबंधन को ज्ञापन



#### जनहित के वादों को पूरा किया जाए

उन्होंने कहा संगठन की प्रमुख मांगों में रेलवे साइडिंग, क्रेशर प्लांट एवं ट्रांसपोर्टेशन कार्यों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। ग्रामसभा की अनुशंसा के आधार पर पारदर्शी कार्य आवंटन, अनापत्ति प्रमाण पत्र के समय ग्राम पंचायत से किए गए जनहित के वादों को पूरा किया जाए। बस्तर की राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए यह मांग केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक स्थायित्व, युवाओं के विश्वास और क्षेत्रीय संतुलन से जुड़ा मुद्दा है। यदि स्थानीय प्राथमिकता नीति लागू होती है तो-बेरोजगार युवाओं को आजीविका के अवसर मिलेंगे। क्षेत्र में सौहार्द एवं स्थायित्व बढ़ेगा। संगठन ने प्रशासन, एनएमडीसी लिमिटेड प्रबंधन एवं राज्य शासन से आग्रह किया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सकारात्मक निर्णय लेकर बस्तर के युवाओं को न्याय दिलाया जाए।

## खबर संक्षेप

### महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन निराधार : लता



**जगदलपुर।** बस्तर जिला महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष श्रीमती लता निषाद ने महिला मोर्चा भाजपा के द्वारा कांग्रेस के खिलाफ किए प्रदर्शन को पूरी तरह से निराधार बताया है। उन्होंने कहा गिनती के चार महिलाओं को लाकर महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन बेहद हास्यास्पद है विरोध प्रदर्शन में महिलाएं नहीं भारतीय जनता पार्टी के नेता ज्यादा नजर आ रहे हैं लगता है महिला मोर्चा भाजपा में महिला कार्यकर्ता का अब विश्वास भाजपा सरकार से उठता जा रहा है।

### सरस्वती साहित्य सम्मान से सम्मानित हुए पाणिग्राही



**जगदलपुर।** विमतारा ऑडिटोरियम शांति नगर रायपुर में सरस्वती साहित्य महोत्सव का आयोजन सरस्वती प्रकाशन भिलाई तथा सांईनाथ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के साहित्यिक विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस साहित्य महोत्सव में जगदलपुर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्राही को सरस्वती साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान साहित्य के क्षेत्र में दीर्घकालीन सेवाओं तथा विशिष्ट उपलब्धियों के लिए दिया गया। इस अवसर पर शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र, मोमेंटो, तथा 11000 रुपए नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दिए गए। यह सम्मान छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा तथा नजमा खान के द्वारा प्रदान किया गया।

### आज भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे कांग्रेसी

**जगदलपुर।** बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को 11 बजे एआई समिट में चीनी रोबोट को भारत का आविष्कारक बताकर भारत देश वैश्विक स्तर पर अपमानित हुआ है। जिसके विरोध में कल भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर कार्यालय का कांग्रेस घेराव करेगी।

### बस्तर दशहरा रथ परिक्रमा मार्ग पर भूमिगत केबल डाला गया



**जगदलपुर।** शहर में सोमवार को बस्तर दशहरा रथ परिक्रमा पर भूमिगत केबल बिछाने का कार्य किया, जिससे सुबह दो घंटे बिजली बंद रही। इस दौरान गोल बाजार चौक, एमएलबी स्कूल ट्रांसफार्मर, मेन रोड आसपास के क्षेत्र में लगभग दो हजार उपभोक्ता प्रभावित रहे। कार्य के दौरान सहायक, कनिष्ठ अभियंता के साथ ठेकेदार के लगभग एक दर्जन कर्मचारी जुटे रहे। विद्युत कंपनी प्रोजेक्ट के सहायक अभियंता नंदलाल कॉशी, जगदलपुर जोन के कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, चिराग साहू रहे। बताया जा रहा है कि अंडरग्राउंड वायरिंग परियोजना का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ है, इससे शहर का सौंदर्य भी बढ़ेगा। ऊपरी तारों और बिजली के खंभों के बगैर रथ परिक्रमा मार्ग और आसपास का क्षेत्र अधिक व्यवस्थित और आकर्षक दिखाई देगा। यह परियोजना स्थानीय निवासियों के लिए भी दीर्घकालिक लाभकारी साबित होगी, इससे बिजली आपूर्ति में स्थिरता आएगी और मौसम संबंधी समस्याओं का प्रभाव कम होगा। साथ ही बताया जा रहा है कि यह परियोजना सुरक्षा और सुगमता के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

भूमकाल स्मृति दिवस की 116वीं वर्षगांठ का समापन नेतानार में

## क्रांतिकारी, शहीदों के वंशजों का शॉल, श्रीफल से किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर की गौरवशाली अतीत को स्मरण करते हुए भूमकाल स्मृति दिवस की 116वीं वर्षगांठ का समापन ग्राम नेतानार में किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमूह ने अमर शहीद गुण्डा धूर को नमन करते हुए उनकी वीरता और संघर्ष को श्रद्धापूर्वक याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत जगदलपुर स्थित गुण्डा धूर पार्क में स्थापित वीर गुण्डाधूर की प्रतिमा पर सेवा-अर्जी, माल्यार्पण और पारंपरिक नेग-नियमों के साथ की गई। इसके पश्चात एक विशाल रैली निकाली गई, जो शहर से होते हुए उनके जन्मस्थल ग्राम नेतानार तक पहुंची। रैली में गांव-गांव से आए आदिवासी समाज के लोग, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे मार्ग में "भूमकाल जोहार" और "डारा मिरी जोहार" के नारों से वातावरण गूंज उठा।ज्ञात हो कि भूमकाल स्मृति दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 4 फरवरी से प्रारंभ होकर 10 फरवरी तक मुख्य रूप से मनाया जाता है। किंतु स्थानीय परंपरा के अनुसार नेतानार सहित कुछ क्षेत्रों में 22 फरवरी को विशेष रूप से देवी-देवताओं की सेवा-अर्जी और जन्मस्थल पर समापन समारोह आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर सभी क्रांतिकारी शहीदों के वंशजों को सम्मानित किया गया और उन्हें शॉल, श्रीफल तथा पारंपरिक सम्मान भेंट किया गया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में वर्ष 1910 के ऐतिहासिक भूमकाल विद्रोह का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक विद्रोह नहीं, बल्कि जल-जंगल-जमीन और स्वाभिमान की रक्षा के लिए लड़ा गया जनआंदोलन था। उस समय बस्तर रियासत में ब्रिटिश औपनिवेशिक नीतियों, विशेषकर वन आरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों पर नियंत्रण के प्रयासों ने आदिवासी समुदायों के पारंपरिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया। कांगेर और आसपास के घने वनों को रिजर्व फॉरेस्ट घोषित करने की योजना से स्थानीय धुरवा, गोंड और अन्य समुदायों के जीवन-यापन, संस्कृति और स्वतंत्रता पर सीधा आघात हुआ। ऐसी परिस्थितियों में नेतानार ग्राम में जन्मे वीर गुण्डा धूर ने धुरवा समुदाय सहित विभिन्न आदिवासी समूहों को संगठित कर अन्याय के विरुद्ध बिगुल फूंका। वे एक साधारण परिवार से थे, किंतु उनमें असाधारण साहस, नेतृत्व क्षमता और संगठन कौशल था। उन्होंने सामूहिक सभा, पारंपरिक संकेतों और सामाजिक एकता के माध्यम से लोगों को एकजुट किया। भूमकाल विद्रोह ने ब्रिटिश शासन को चुनौती दी और बस्तर क्षेत्र में व्यापक आंदोलन का रूप ले लिया। हालाँकि ब्रिटिश शासन ने दमनकारी नीति अपनाते हुए इस विद्रोह को बलपूर्वक दबा दिया, लेकिन यह संघर्ष व्यर्थ नहीं गया।

#### ये रहे उपस्थित

गुण्डाधूर का परपोता जयदेव नाग, माटी पुजारी, धुरवा समाज संरक्षक निलम कश्यप, धाकड़ समाज तरुण सिंग धाकड़, डॉ गंगाराम कश्यप,हिडमो वट्टी कोया समाज सम्भागीय अध्यक्ष, सम्भागीय कोषाध्यक्ष पप्पू नाग, सर्व आदिवासी समाज सम्भागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, जिलाध्यक्ष गंगा नाग बस्तर,एन. एस. शेवता , जिलाध्यक्ष रामदेव नाग सुकमा, जिलाध्यक्ष संतोष बघेल, मुरिया समाज जिलाध्यक्ष सामुराम कश्यप, कर्मचारी प्रकोष्ठ डॉ जिवन सलाम, सोमारु कोशिक सर्व आदिवासी समाज संरक्षक एवं अन्य समाज पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गरावंडकला में ई-ट्रैक निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ परिवहन विभाग फिर तलाश कर रहा ई-ट्रैक के लिए जमीन

परिवहन विभाग की ओर से बस्तर जिले के गरावंडकला में ई-ट्रैक बनेगा, जो बस्तर संभाग का पहला ई-ट्रैक रहेगा। इसके लिए निर्माण कार्य का हाऊसिंग बोर्ड ने टेंडर किया है, जिसका ठेकेदार ने ई-ट्रैक का निर्माण कार्य करने के लिए सामग्री रखा और बोर के लिए मशीन पहुंचे तो आसपास के ग्रामीणों ने जमीन में ई-ट्रैक का विरोध किया। इससे यह ई-ट्रैक का निर्माण कार्य रूक गया, अब इसके लिए जमीन की तलाश किया जा रहा है। हालांकि इस जमीन का संयुक्त कलेक्टर एवं परिवहन विभाग के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे, हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा, उपायुक्त जीपी प्रजापति ने ग्राम गरावंडकला के ई-ट्रैक स्थल का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि बस्तर संभागीय मुख्यालय में ई-ट्रैक निर्माण के लिए परिवहन विभाग ने सबसे पहले आड़ावाल में भूमि चयनित किया पर ग्राम पंचायत ने उस भूमि को खेल मैदान स्वीकृत किया। उसके बाद विभाग ने सरगीपाल में ई-ट्रैक के लिए भूमि चयनित किया पर वह भूमि छोटे-बड़े जंगल होने से यह भूमि निरस्त हो गई, अब परिवहन विभाग ने जिले के गरावंडकला में भूमि चयनित किया जो विवादित हो गया है।

#### जमीन मिलते ही शुरु होगा निर्माण कार्य

हाऊसिंग बोर्ड प्रक्षेत्र जगदलपुर के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग ई-ट्रैक का निर्माण कार्य के लिए जमीन की तलाश कर रही है। हालांकि ई-ट्रैक का टेंडर हो चुका है, इसलिए जमीन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

## रजिस्ट्री निरस्त कर बेवा को जमीन वापस की जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ धुरवा समाज ने जनदर्शन में कलेक्टर को दिया ज्ञापन

जमीन रजिस्ट्री निरस्त कर बेवा सुबो को जमीन वापस दिलाने की मांग करते धुरवा समाज के संभागीय अध्यक्ष ने आज कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन देकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने कहा है। 3 पृष्ठ के ज्ञापन में पूरी जानकारी देकर कहा गया है कि 16 जुलाई 2025 को सूरज कश्यप ने जालसाजी और धोखाधड़ी कर रजिस्ट्री कराया है। जिसकी शिकायत पूर्व में कलेक्टर को दिवंगत लक्ष्मण सिंह की पत्नी सुबो नाग ने की थी। जिस पर अपर कलेक्टर ने रजिस्ट्री निरस्त करने का क्षेत्राधिकार इस कार्यालय को नहीं है कहकर सक्षम न्यायालय में आवेदन कर सकते हैं कहा था। इस पर सूरज कश्यप का कहना है कि अपर कलेक्टर ने मेरे पक्ष में फैसला दिया है। साथ ही परपा थाना में भी आवेदन दिया गया था, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जांच करने का आश्वासन दिया था। ज्ञापन में कहा गया है कि परपा थाना पुलिस दलालों को बचाने का प्रयास कर रही है। यह भी उल्लेख किया गया है कि सूरज कश्यप ने रजिस्ट्री के दिन 3 लाख रूपए लक्ष्मण को देने की बात कही है, जबकि राशि मुझे नहीं दी बल्कि दलालों को दिया होगा। इस तरह जालसाजी कर की गई रजिस्ट्री को निरस्त करते हुए बेवा सुबो को जमीन देने की मांग धुरवा समाज ने नवपदस्थ कलेक्टर से की है।

## एनएसएस कैम्प में दिलाई गई स्वच्छता की शपथ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय संचार ब्यूरो द्वारा 23 फरवरी को शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा ग्राम कालीपुर राष्ट्रीय सेवा योजना केम्प के पंचम दिवस केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय के प्रभारी बी एस ध्रुव ने स्वच्छ भारत अभियान पर सर्व प्रथम स्वच्छता पर शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात स्वच्छ भारत अभियान पर जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश देवांगन, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सुश्री प्रियंका पैकरा , वक्ता विनय कुमार शिंदे, वक्ता कोटेश्वर नायडू, विश्वविद्यालय के भुनेश्वर साहू, सुमित ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे।

प्रवीर वार्ड के पार्षद ने व्यवस्था सुधारने सौंपा ज्ञापन

## जर्जर पुल से निकल रहीं बड़ी गाड़ियां बेलगाम आवागमन से बढ़ रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





शहर के प्रवीर वार्ड पार्षद व जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शेख जाहिद हुसैन ने पुराने पुल पर लगातार बड़ी गाड़ियों के बढ़ते आवागमन को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस पुराने पुल से लगातार बड़ी गाड़ियों का आवाजाही बढ़ती जा रही है। इन गाड़ियों के चलते इस पुल पर गंभीर जाम लगा रहता है जिसके चलते छोटी गाड़ियां और अन्य वाहन चालकों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नौकरी पेशा सहित स्कूली बच्चों का भी इस पुल से आना जाना बना रहता है। पुराने पुल पर दौड़ती बेलगाम गाड़ियों से आवागमन से जनता की परेशानी और आवाजाही से जानमाल का खतरा बढ़ता जा रहा है। कभी भी बड़ा हादसा होने का प्रबल आशंका प्रतीत होता दिखाई पड़ रहा है। इसके साथ ही जाम में घंटों फंसे रहने से सांस की समस्या, तनाव और शारीरिक परेशानी जनता को हो रही है।संकरे पुल पर बड़ी वाहनों की लंबी कतारें से दुर्घटना की संभावना काफी बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा पुराने पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही को नियंत्रित करना चाहिए। जबकि पुराने पुल को जर्जर घोषित करते हुए बड़ी गाड़ियों के लिए प्रतिबंधित किया गया था, जिसके बाद फ्लाई ओवर निर्माण के चलते लगातार भारी वाहनों की आवाजाही चल रही है।

#### सुधार नहीं होने पर किया जाएगा आंदोलन

ट्रैफिक पुलिस द्वारा जाम की स्थिति में तुरंत डायवर्जन लागू करना चाहिए एवं पुल की क्षमता के अनुसार ही वाहनों को प्रवेश देना चाहिए पूर्व में भी इस विषय को लेकर मेरे द्वारा ज्ञापन दिया गया था, परंतु आज पर्यंत तक नहीं हुई कोई भी कार्यवाही, न ही कोई सचेतक सूचक लगाया गया है। अगर जल्द से जल्द कोई निष्कर्ष और कार्रवाई नहीं हुई तो वार्डवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी यातायात विभाग व जिला प्रशासन की होगी।

देवी भागवत महापुराण में हुआ शिव और पार्वती का परिणय

## भजन, नाच, गान से भगवान नहीं मिलते, मीरा व सूरदास जैसी भक्ति चाहिए : सुमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





■ भोलेनाथ से भक्तों ने मांगा आशीर्वाद

मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के छठवें दिन सोमवार को भगवान शंकर और पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया। अनुष्ठान में अर्धनारीश्वर के नाम से चर्चित किन्नर समाज के सदस्य भी बड़ी संख्या में भोलेनाथ का आशीर्वाद लेने पहुंचे। इस मौके पर वाराणसी से कथावाचक आचार्य सुमित भारद्वाज ने कहा कि भजन और नाच गान से भगवान नहीं मिलते, इसके लिए मीरा और सूरदास जैसी भक्ति चाहिए सुख-दुख कुछ नहीं होता। सब पूर्व कर्म का परिणाम है। कर्म का फल तो देवताओं तक को भोगना पड़ा है, फिर हम-आप कैसे बच सकते हैं। मां जगदम्बा की आराधना करते हुए हमें अनुचित कर्मों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि अष्टभुजा देवी ही तीनों देवों की जननी है और हमें इस रूप की ही पूजा करनी चाहिए। अहिंसा परमो धर्म है, इसका मतलब यह नहीं है कि अपनी सुरक्षा ही ना करें, पर यह भी जरूरी नहीं है कि किसी के लिए भी हम हिंसक हो जाएं। मां दंतेश्वरी की यज्ञशाला में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण के तहत सोमवार को स्कंदमाता महात्म, मां दुर्गा और महिषासुर, देवी के तीन चरित्र, मां शाकंभरी की कथा के सुनाई गई। कथा वाचक ने कहा कि भले आप देवी देवताओं की पूजा न करें लेकिन जन्म देने वाली माता की पूजा जरूर करें। कथा प्रसंग के दौरान भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह कराया गया। इस मौके पर दो बालिकाओं को शिव और शक्ति के रूप में अलंकृत किया गया था।

#### आज के अनुष्ठान

श्रीमद देवी भागवत महापुराण कथा के तहत मंगलवार को मां कात्यायनी महात्म, श्री राधारानी की कथा, मां गंगा की उत्पत्ति और महात्म के बाद दंतेश्वरी चालीसा उसके बाद मां कात्यायनी की पालकी निकाली जाएगी।

## सत्संग मंडली को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एकल अभियान संच का श्री हरि सत्संग प्रतियोगिता के नेतृत्व में आज ब्लॉक लोण्हडीगुड़ा के उप संच ग्राम दाबपाल में सत्संग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय शिवशक्ति मंडली एवं सतगुरु देवमंडली ने सत्संग प्रतियोगिता में भाग लिया। सत्संग समापन के पश्चात संच समिति अध्यक्ष अजय बघेल, सचिव भरत कश्यप, संरपच समलु कश्यप, पदमा मौर्य के द्वारा वहां आएं सत्संग मंडली से जुड़े लोगों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगियों के साथ ग्रामीणों ने इसका आनंद लिया वही मंडली ने इस आयोजन की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### पिकअप व बाइक की टक्कर बाइक चालक की हुई मौत

**फरसगांव।** नेशनल हाईवे 30 मांझीआठगांव में रविवार की शाम पिकअप वाहन और बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि बाइक पिकअप वाहन के नीचे घुस गई। हादसे में



बाइक चालक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल फरसगांव अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक की पहचान नही होने पर फरसगांव पुलिस ने शव को चीरघर में रखवा कर पता तलास में जुटी। पुलिस ने मृतक की पहचान ग्राम आलोर परछीपारा निवासी विकेश कोर्राम पिता बुधराम कोर्राम के रूप में की है। परिजनों के अनुसार विकेश कोर्राम अपने ग्लैमर बाइक क्रमांक सीजी 27 एम 2770 में दोपहर में बेडमा मेला देखने गया हुआ था। शाम को मेला से घर वापस आने के दौरान मांझीआठगांव में पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 27 क्यू 8260 के साथ बाइक की टक्कर हो गई।

### राकेश बने यादव समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले में चिखलपुटी में स्तिथ यादव समाज के नंदकिला भवन में यादव समाज के कार्यकारणी का गठन किया गया। साथ ही युवा प्रकोष्ठ, कर्मचारी



प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया । यादव समाज मे युवा प्रकोष्ठ के लिए राकेश यादव को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है । समाज के द्वारा राकेश यादव ( फूपगांव) को युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नव मनोनीत युवा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि समाज द्वारा उन्हें काफी बड़ी जिम्मेदारी दी है, उन्होंने समाज के प्रमुख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जिले में समाज के सभी प्रमुख से मिलकर एक सशक्त संगठन तैयार किया जाएगा।

# जिले में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने बेहतर समन्वय करें स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना एवं पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विभिन्न घटनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

संयुक्त बैठक में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सूचना तंत्र को और अधिक मजबूत किया जाए, ताकि किसी भी आपातकालीन या संवेदनशील स्थिति की त्वरित जानकारी प्राप्त हो सके।

## कानून व्यवस्था को लेकर कलेक्टर-एसपी ने ली संयुक्त बैठक



### मैदानी अमले को सतर्क रहने के निर्देश

कलेक्टर एवं एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में मैदानी अमले की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सतर्क एवं जागरूक रहते हुए किसी भी घटना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आगामी त्यौहारों एवं विभिन्न मेलों के आयोजन को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों एसडीएम को शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए, ताकि आपसी समन्वय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडीएम अजय उरांव, अश्वन पुसाम, आकांक्षा नायक सहित सभी एसडीओपी एवं तहसीलदार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

### मर्दापाल में मंत्री पहुंचे मड़ई मेला, भंगाराम मंदिर में की पूजा-अर्चना

# 2.18 करोड़ के विकास कार्यों की वनमंत्री कश्यप ने दी सौगात, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन मंत्री केदार कश्यप ने आज मर्दापाल में भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को 2 करोड़ 18 लाख 47 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत 36 विकास कार्यों की सौगात दी।

- ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता : केदार

भूमिपूजन कार्यक्रम से पूर्व वन मंत्री ने ग्राम मर्दापाल में आयोजित पारंपरिक माघ मड़ई मेला में पहुंचकर भंगाराम मंदिर में पूजा–अर्चना की तथा क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि एवं शांति की कामना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री श्री कश्यप ने समस्त ग्रामवासियों को भंगाराम माता मावली माघ मड़ई मेला की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



### विभागीय स्टॉलों का किया अवलोकन

वन मंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पंचायत विभाग सहित उद्यानिकी, पशुधन, जल संसाधन, श्रम, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया और ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। वन मंत्री द्वारा मर्दापाल क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आधारभूत संरचना सु–ढ़ीकरण एवं सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए कुल 218.47 लाख रुपये की लागत से 36 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

वन मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन के अंतर्गत विकसित भारत जी–राम–जी योजना को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। इस योजना के तहत ग्रामीणों को अब 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा तथा एक सप्ताह के भीतर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा ग्रामीणों से योजनाओं से जुड़कर लाभ उठाने का आह्वान किया।

### इन निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

इन विकास कार्यों में सामुदायिक भवन, सांस्कृतिक मंच, आंगनबाड़ी भवन, अटल सद्भावना भवन, सीसी सड़क सह नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्रों में शेड निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित होंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य यशोदा कश्यप, सरपंच जयंती कश्यप, पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुलमुला वन परिक्षेत्र में साल वनों की हो रही अंधाधुंध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव/कोंडागांव



वनमण्डल अंतर्गत आने वाले वनों की सुरक्षा सिर्फ कागज़ों में ही चल रही है।जमीनी सच्चाई काफी अलग है, हाल में मुलमुला वन परिक्षेत्र में सप्ताह भर पहले हुए साल वनों की अंधाधुंध कटाई ने विभाग की पोल खोल दी है। मुलमुला परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोंगरसिलाटी से लगे वन क्रमांक 284 में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई है,स्थानीय लोगों ने बताया जिस जगह बड़े पैमाने पर पेड़ो की कटाई हुई है वहां पर साल भर पहले ही विभाग ने जल संरक्षण का कार्य करवाया था। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई असंभव है। साल भर पहले ही वन विभाग ने जल संरक्षण के लिए गड्ढे खुदवाए थे और वनों के किनारे सीपीटी नाली खुदवाई थी, लेकिन अब उसी जगह पर पेड़ों की कटाई हो रही है।वन विभाग का मैदानी अमला तकरीबन चार से पांच हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्थित पेड़ों की कटाई का दावा कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी अधिकृत बयान देने से बच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई नहीं हो सकती है।

- वन क्रमांक 284 में चार से पांच हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित होने का दावा

### बयान देने से बच रहे अधिकारी

इस मामले में वन विभाग के फारेस्ट गार्ड से लेकर मुलमुला के परिक्षेत्र अधिकारी तक अधिकृत बयान देने से बच रहे हैं। अधिकारी दबी जुबान में स्वीकार रहे हैं कि मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है,पर कार्यवाही को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं दे रहे, साथ ही अब तक पेड़ काटने वालों और अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने वाले विभागीय कर्मियों पर किसी तरह की कोई ठोस कार्रवाई की विभागीय पुष्टि नहीं हुई है।

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए हितग्राहियों को समय पर लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, जिससे आम जनता को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक के दौरान तेंदूपत्ता संग्रहण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में अवैध वन कटाई की रोकथाम के लिए मैदानी अमले को सतर्क और सक्रिय रहने को कहा।

### मध्यान्ह भोजन व श्रम विभाग की योजनाओं की समीक्षा

विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना के सुचारू संचालन के लिए समूहों के माध्यम से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वहीं श्रम विभाग अंतर्गत श्रम पंजीयन, दीदी ई–रिक्शा योजना एवं बीमा भुगतान की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने जिले में होम–स्टे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रचार–प्रसार के निर्देश दिए। इसके साथ ही आधार पंजीयन एवं बायोमेट्रिक अपडेट कार्यों में तेजी लाने तथा संपूर्णता अभियान अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटर्स में शत–प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने पर बल दिया।

### ग्रीष्म ऋतु की तैयारी व धान उठाव की समीक्षा

आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही धान उठाव की समीक्षा करते हुए उठाव कार्य में तेजी लाने हेतु डीएमओ को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में डीएफओ केशकाल दिव्या गौतम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुएमारी कैंप का एसपी ने किया औचक निरीक्षण, जवानों का लगाया गया दरबार



**कोण्डागांव।** पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा द्वारा थाना केसकाल क्षेत्र अंतर्गत स्थित कुएमारी कैंप एवं प्रस्तावित नवीन थाना भवन कुएमारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कैंप की व्यवस्थाओं, सुरक्षा तैयारियों एवं जवानों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने कैंप में मौजूद सीएएफ बटालियन की बी कंपनी एवं जिला बल के जवानों का दरबार लेकर उनकी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जवानों की समस्याओं, मांगों एवं सुझावों को गंभीरता से सुना तथा उनके पारिवारिक पृष्ठभूमि और कुशलक्षेम के बारे में भी जानकारी ली। एसपी श्री चंद्रा ने अधिकारी–कर्मचारियों को उनके बच्चों की शिक्षा से जुड़ी शासन एवं पुलिस प्रशासन की योजनाओं की जानकारी दी। हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी एवं उच्च शिक्षा से संबंधित सुविधाओं और अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया। निरीक्षण के दौरान कैंप में पदस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्य योजना की सराहना करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को पुरस्कृत करने के लिए उचित इनाम की अनुशंसा भी की गई। अंत में पुलिस अधीक्षक ने सीएएफ एवं जिला बल के जवानों को शाबाशी देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।

# 'जाणता राजा' में महाराष्ट्र मंडल के कलाकारों ने किया दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ में भव्य ऐतिहासिक महानाट्य जाणता राजा के मंचन ने दर्शकों को रोमांचिया। तीन घंटे तक चले इस गौरवशाली प्रस्तुति में महाराष्ट्र मंडल के 100 और छत्तीसगढ़ के लगभग 40 कलाकारों ने 80 फीट लंबे और 40 फीट चौड़े विशाल मंच पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई। विशेष बात यह रही कि अधिकांश कलाकार पहली बार इतने बड़े मंच पर उतरे, फिर भी उनके अभिनय ने दर्शकों को बांधे रखा। इस महानाट्य में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन और शौर्यगाथा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान संवाद, गीत, कव्वाली, डिंडी और लावणी की प्रस्तुति ने वातावरण को ऐतिहासिक रंगों से भर दिया। अंतिम दृश्य में शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का प्रसंग दर्शकों के लिए अत्यंत भावुक क्षण साबित हुआ। महाराष्ट्र मंडल के कुछ ऐसे भी कलाकार हैं, जो इस नाटक पर काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए अपने आंसू रोक नहीं पाते। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था काले 18 वर्षों के बाद जाणता राजा में फिर सहभागिता को लेकर गौरवान्वित हैं। आस्था कहतीं हैं -कि ऑडिशन में चयन होने और रिहर्सल करने की सूचना मिलते ही भीतर उत्साह जाग गया। चार दिनों तक पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ संवाद, गीत, कव्वाली, डिंडी और लावणी का अभ्यास करने के बाद मंच पर सिद्धहस्त पुणे के कलाकारों के साथ काम करने का मौका मिला। वे बताती हैं कि उन्हें क्रिश्चियन मां की भूमिका मिली, जो अपने बच्चों के साथ भयभीत रहती है, पर छत्रपति शिवाजी महाराज उसकी सुरक्षा का संदेश भिजवाते हैं।

- 80 फीट लंबे भव्य मंच पर 140 कलाकारों ने रचा इतिहास का जीवंत दृश्य



### मंचन के बाद कलाकार हुए भावुक

छत्तीसगढ़ के गणेशा जाधव पाटिल ने कहा कि जाणता राजा का चार दिवसीय मंचन जीवनभर के लिए अविस्मरणीय, भावनात्मक और प्रेरणादायी रहा। सौभाग्य से मंचन पर उनके अपने दोनों बेटों कृष्णाराज और राधे राणा के साथ काम करने का अवसर मिला। बाल राजाराम महाराज बने राधे राणा बताते हैं कि हम बाल कलाकारो को सभी ने बहुत प्रेम से सिखाया और संभाला। उनके बड़े भाई कृष्णराज के अनुसार ऑडिशन से देकर जाणता राजा में काम करने का हर पल का अनुभव लें कभी नहीं भूल सकते। महाराष्ट्र मंडल की पर्यावरण समिति के समन्वयक अभय भागवतकर के शब्दों में एक दिव्य स्वप्न का पूर्ण होना था जाणता राजा के लिए चयन होना। नाटक में जब हमें महाराज के मावले अर्थात सैनिक के रूप में मंच पर आना था, यह सोचकर ही दिल की धड़कन बढ़ी हुई थी हो रहा महानाट्य जाणता राजा एक ऐसा गौरवशाली महानाट्य है, जिसमें कलाकारों के लिए काम करने का आशय अपने रंगमंचीय जीवन को सार्थक कर लेना है।

# दिव्यांगजनों को मिला बायोनिक कृत्रिम हाथ

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के मार्गदर्शन में तथा समाज कल्याण संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार कोहनी के नीचे हाथ गंवा चुके चिन्हांकित दिव्यांगजनों को बायोनिक कृत्रिम हाथ प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। समाज कल्याण विभाग के समन्वय से इनाली फाउंडेशन द्वारा रायपुर स्थित ठाकुर पैलेस में 21 फरवरी को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कोंडागांव जिले से कोहनी के नीचे हाथ गंवा चुके 8 चिन्हांकित दिव्यांगजनों को शामिल कराया गया, जहां पात्र हितग्राहियों का परीक्षण किया गया। परीक्षण उपरांत 4 पात्र दिव्यांगजनों कु. रामवती ग्राम खजरावण्ड, बड़ेराजपुर, राम नाग ग्राम फुकागिरोला, जनपद कोंडागांव, मनीराम नाग ग्राम पंचायत निलजी, जनपद कोंडागांव, संतु ग्राम पंचायत बड़ेकुरूसनार,



विकासखंड कोंडागांव को निःशुल्क बायोनिक कृत्रिम हाथ प्रदान किया गया। बायोनिक कृत्रिम हाथ की सहायता से लाभार्थी अब छोटी–छोटी वस्तुएं उठाने सहित दैनिक कार्य स्वयं कर सकेंगे। इससे उनमें आत्मनिर्भरता के साथ आत्मविश्वास की भावना भी सुदृढ़ होगी।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए गुंडाधुर कालेज के दो छात्र चयनित

लच्छू सोरी और संतु नाग अंबागढ़ चौकी के लिए रवाना, कोंडागांव का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र लच्छू सोरी और संतु नाग का चयन राज्य स्तरीय खो–खो पुरुष प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों खिलाड़ी उत्तर बस्तर सेक्टर खो–खो पुरुष दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनका चयन 11 से 12 फरवरी को शासकीय शहीद गेंद सिंह महाविद्यालय चारामा में आयोजित सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ।

- सेक्टर प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन का मिला इनाम

राज्य स्तरीय खो–खो पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक शासकीय लाल चक्रधर शाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 सेक्टर की टीमें हिस्सा लेंगी। खिलाड़ियों की तैयारी को मजबूत करने के लिए 20 से 22 फरवरी तक विशेष प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित किया गया है। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई माह से ही



विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर मेहनत और अनुशासन का परिणाम है कि महाविद्यालय के छात्र राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

### महाविद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएं

लच्छू सोरी और संतु नाग के चयन पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी–कर्मचारी और विद्यार्थियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। सभी ने उम्मीद जताई कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और कोंडागांव क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

### आईएनएस कुरुसुरा पनडुब्बी संग्रहालय में जाना नौसेना का इतिहास

# बिंजोली डोंगरीगुड़ा के बच्चों ने समुद्र की लहरों के बीच जाना नौसेना का शौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत शासकीय उच्च प्राथमिक शाला बिंजोली, डोंगरीगुड़ा के छात्र–छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के तटीय शहर विशाखापत्तनम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह यात्र बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ–साथ जीवन भर याद रहने वाला अनुभव साबित हुई।

- शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को मिला नया अनुभव

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास को करीब से जाना और आईएनएस कुरुसुरा पनडुब्बी संग्रहालय का अवलोकन किया। यहां बच्चों ने समुद्र की गहराइयों में देश की रक्षा करने वाली पनडुब्बियों की कार्यप्रणाली और नौसेना के साहसिक अभियानों की जानकारी प्राप्त की।



### विशाखा संग्रहालय और स्थानीय संस्कृति से परिचय

विशाखा संग्रहालय में बच्चों ने क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों और सांस्कृतिक विरासत को देखा। इस दौरान शिक्षकों ने इतिहास और संस्कृति से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं करीके से समझाया, जिससे विद्यार्थियों की जिज्ञासा और ज्ञान दोनों में वृद्धि हुई।

### ऋषिकोंडा और आरके बीच पर सीखा पर्यावरण संरक्षण का महत्व

ऋषिकोंडा और आरके बीच पर बच्चों ने समुद्री पर्यावरण, तटीय पारिस्थितिकी तंत्र और बंदरगाहों की भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। कैलाशगिरी की पहाड़ियों से शहर का विहंगम दृश्य देखकर बच्चे अत्यंत उत्साहित नजर आए।

### शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुशासित और सफल यात्रा

प्रधान अध्यापक भोलानाथ सूर्यवंशी एवं शिक्षक संतोष कुमार पोर्ते के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने अनुशासन के साथ इस शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शिक्षकों ने बच्चों को प्रकृति, समुद्र और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### सामुदायिक सहयोग से संभव हुआ निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण

ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने स्कूल स्टाफ की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सवांर्गीण विकास के लिए मील का पत्थर बताया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंजीत बघेल सहित मोहन, हरि बघेल, रतिराम, नीलाबर, दुलमा, दशमी, जयमनी, मूंगाय, सरस्वती और चंपा के सहयोग से बच्चों के लिए यह निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## पेज 9 के शेष

### रेलवे साइडिंग, क्रशर ...

स्थानीय समुदायों का सामाजिक-आर्थिक उत्थान है।

**ये रहे मौजूद :** इस दौरान दंडकारणीय टिप ट्राला संघ ग्राम पंचायत डोंगरी गुड़ा कुमार मारेंगा के पदाधिकारी उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जीशान क़ुरैशी, समीर खान सचिव नवनीत चांद, सह सचिव मेहताब सिंग,विक्की रावकोषाध्यक्ष विमल बिसाई, सह कोषाध्यक्ष संतोष सिंगकार्यकारणी सदस्य अभिषेक डेविड, तुलसी राम मौर्य, राजमन बघेल,विजेंद्र ठाकुर, गुड्डू राम कश्यप,वनमाली बघेल, नोबि निषाद, नीलांबर भेद्रे,गुड्डू कडयामि, गणपति मौर्य, राम मौर्य, धनसिंग गोयल,राजेश कश्यप,लछु राम मौर्य, महादेव गोयल,चुम्बन कश्यप,परदेशी नाग, राजू कश्यप, रमेश कश्यप, परमेश्वर ठाकुर, शोभाराम मौर्य,मनोज सेठिया,गंगा मौर्य, बंशी मौर्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### राजपूत बने भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक



**बस्तर।** भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर के चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक का दायित्व डॉ. व्हीएस राजपूत को मिली। उन्होंने इस दौरान कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने मुझ पर विश्वास करते हुए बस्तर जिला भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक का नई दायित्व देने के लिए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और प्रदेश संयोजक डॉ. देवेंद्र कश्यप सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी के द्वारा नए दायित्व को पूरी निष्ठा एवं ऊर्जा के साथ पार्टी के कार्य को आगे गति देने की पूरी कोशिश करूंगा।

### ककनार में लगी वीबी जी राम जी जन चौपाल



**लोहंडीगुड़ा।** जी राम जी के तहत आज जनपद पंचायत लोहंडीगुड़ा के ग्राम पंचायत चंदेला में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. बसंत कश्यप द्वारा चौपाल लगाकर योजना के प्रावधानों एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि कृषि कार्य के व्यस्त समय में दो माह तक योजना के कार्य बंद रखे जाएंगे ताकि किसानों को खेती-बाड़ी में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही 125 रोजगार दिवस की विशेष व्यवस्था की भी जानकारी दी गई, जिससे ग्रामीणों को अधिकाधिक लाभ मिल सके। इस निर्णय को लेकर ग्रामीणों में हर्ष एवं संतोष का माहौल देखा गया। मंडल अध्यक्ष मंगतू राम कश्यप ने भी जी राम जी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान किया साथ ही केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर सरपंच चंदेला तुलाराम नाग , सुखचंद ठाकुर, संवेद्र सेठिया, चन्द्र शेखर ठाकुर, करण सेठिया, रैसिंह ठाकुर, सकाराम, बलिबघेल, संतु रामकश्यप सहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की परख : मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

# बीजापुर अब सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर : अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने अपने प्रवास के दौरान बीजापुर के विभिन्न शैक्षणिक एवं पुनर्वास संस्थानों का औचक निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता, पौष्टिक आहार एवं उपलब्ध सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया।

- बाल देखरेख संस्थान में आत्मीय संवाद

अध्यक्ष गिरधारी नायक ने बाल देखरेख संस्थान पहुंचकर यहां दर्ज बच्चों की पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी ली। उन्होंने बेसहारा बच्चों को शिक्षा, पोषण एवं बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के प्रयासों के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। बच्चों से संवाद करते हुए संस्थान में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गुलदस्ते भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। बच्चों ने एक स्वर में पढ़-लिखकर आगे बढ़ने और जीवन में सफल बनने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



### शैक्षणिक गुणवत्ता की समीक्षा

एजुकेशन सिटी स्थित कन्या शिक्षा परिसर में अध्यक्ष ने छात्राओं से हिंदी एवं अंग्रेजी की पुस्तकों का वाचन कराया। छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ न केवल पाठ पढ़ा बल्कि उसकी व्याख्या भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। उन्होंने छात्राओं की प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया।

### समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण

इसी परिसर में स्थित समर्थ दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ समय बिताया और उनकी गतिविधियों का अवलोकन किया। भोजन व्यवस्था, शयन कक्ष, संवेदी कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष सहित विभिन्न प्रशिक्षण कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के समग्र विकास के लिए संवेदनशील एवं समावेशी वातावरण की आवश्यकता पर जोर दिया।

### बच्चों के हौसले से अभिभूत

शैक्षणिक संस्थानों के बच्चों के बुलंद हौसले और आत्मविश्वास से अभिभूत होकर अध्यक्ष ने कहा कि वर्षों से अशिक्षा और माओवाद के अंधेरे से जूझता रहा बीजापुर अब सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर है। बच्चों के मानव अधिकारों की रक्षा और उनके अधिकारों के संरक्षण से जिले में सकारात्मक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब बीजापुर विकसित बीजापुर की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### पुनर्वासित युवाओं से संवाद कर बढ़ाया उत्साह



छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान बीजापुर स्थित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर पुनर्वासित युवाओं से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से खुलकर संवाद किया और उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी ली। संवाद के दौरान युवाओं ने नक्सल संगठन में रहने के दौरान उत्पन्न कठिनाइयों और चुनौतियों को साझा किया। अध्यक्ष ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए वर्तमान में मिल रही सुविधाओं, सुरक्षा, कौशल प्रशिक्षण एवं आजीविका के अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा में लौटने का निर्णय साहस और आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन बल्कि समाज के लिए भी सकारात्मक संदेश देता है। अध्यक्ष ने मानव अधिकारों के दृष्टिकोण से पुनर्वासित युवाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की तथा सरकार द्वारा संचालित पुनर्वास एवं स्वरोजगार योजनाओं के जमीनी क्रियान्वयन का मूल्यांकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनर्वासित युवाओं को कौशल विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने में किसी प्रकार की कमी न रहे। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा और पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने पुनर्वास प्रक्रिया, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष गिरधारी नायक ने युवाओं को मुख्यधारा में लौटने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है। उन्होंने युवाओं से आत्मनिर्भर बनकर समाज के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। पुनर्वास केंद्र में यह संवाद कार्यक्रम आशा, विश्वास और सकारात्मक परिवर्तन का सशक्त संदेश देने वाला रहा।

### बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सभी का मौलिक अधिकार



बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है इस संदेश के साथ छत्तीसगढ़ राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने जिला अस्पताल बीजापुर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने ओपीडी कक्ष, दवा वितरण कक्ष, एक्स-रे, सोनोग्राफी एवं पैथोलॉजी लैब सहित विभिन्न विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य अमले की उपलब्धता की जानकारी ली और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि डीएमएफ एवं एनएचएम के सहयोग से विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में आमजन को सुगमतापूर्वक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। अध्यक्ष ने अस्पताल परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया। यहां गंभीर कुपोषित बच्चों को विशेष निगरानी में रखकर उपचार एवं पोषण आहार के माध्यम से कुपोषण से बाहर लाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की देखभाल, भोजन व्यवस्था एवं स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था की सराहना करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी, सिविल सर्जन डॉ. रत्ना ठाकुर सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहे।

### उप जेल व कोतवाली थाना का लिया जायजा



मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष ने उप जेल पहुंचकर निरुद्ध बंदियों से सीधे संवाद किया और उनके जेल तक पहुंचने के कारणों की जानकारी ली। बातचीत के दौरान अधिकांश बंदी नक्सल गतिविधियों से जुड़े पाए गए। नायक ने उनकी शैक्षणिक योग्यता एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी ली, जिसमें बड़ी संख्या में बंदी कम पढ़े-लिखे या अशिक्षित पाए गए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अशिक्षा के कारण कई लोग भटककर गलत रास्ता अपना लेते हैं। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर बल देते हुए बंदियों को सुधार और पुनर्वास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। बंदियों ने भी शिक्षा के महत्व को स्वीकार करते हुए सकारात्मक जीवन की ओर बढ़ने की इच्छा जताई। निरीक्षण के दौरान जेल में उपलब्ध भोजन, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई। इसके पश्चात अध्यक्ष नायक ने कोतवाली थाना बीजापुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायत निवारण व्यवस्था, आगंतुकों को मिलने वाली सुविधाओं तथा दर्ज एवं निराकृत प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली। थाना परिसर के विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदारी है कि नागरिकों के मानव अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा न्याय प्रक्रिया में निष्पक्षता बनी रहे। इस दौरान कलेक्टर संबित मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनगणना अधिकारियों- कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में 1 मई से 30 मई की अवधि में संपादित किया जाना है जिसके लिए राज्य शासन द्वारा जनगणना से संबंधित

- जनगणना की विभिन्न प्रक्रियाओं को गंभीरता से समझने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

नोडल अधिकारियों, कर्मचारियों को 23 फरवरी से 24 फरवरी तक 2 दिवसीय प्रशिक्षण एवं 15 मार्च को 1 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम समय प्रातः 10:30 से सायं 5 बजे दिए जाने के निर्देश दिए गए। इस क्रम में आज मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डंकनी सभाकक्ष में डिजिटल उपकरणों का



परिचय,सीएमएमएस मॉड्यूल पर संक्षिप्त विवरण, मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल की भू-नक्शा मकान सूचीकरण ब्लॉक पर्यवेक्षी सर्कल आवंटन, एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके डेटा संग्रह, स्व-गणना प्रक्रिया राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों द्वारा डेटा गुणवत्ता की निगरानी ग्रामीण, नगरीय, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण संक्षिप्त मकान सूची, मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण प्रिंटिंग एवं लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी राज्य, जिला, चार्ज अधिकारियों डेटा, चार्ज रजिस्टरों का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण मकान सूची मकानों की सूची का इलेक्ट्रॉनिक निर्माण लॉजिस्टिक्स प्रबंधन जिला जनगणना हस्तपुस्तिका मोबाइल एप्लिकेशन और इसकी प्रक्रिया स्व-गणना डेटा को प्रगणक द्वारा फील्ड में सत्यापन के संबंध में नोडल अधिकारियों को विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कलेक्टर देवेष कुमार ध्रुव ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चूंकि इस बार जनगणना की पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम में संपादित की जावेगी। अतः इसे देखते हुए सभी नोडल इससे संबंधित सभी प्रावधानों नियम का भली भांति जानकारी लें और इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर मास्टर ट्रेनर को अवगत कराते हुए समाधान प्राप्त करें। चूंकि जनगणना कार्यक्रम में भागीदारी राष्ट्रीय कर्तव्य है। अतः हमें यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि प्रगणक स्तर से लेकर सभी जिला एवं चार्ज अधिकारी परस्पर समन्वय और उत्तरदायित्व से अपनी भूमिका निभाएं। इस प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना 2027 दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण के अन्तर्गत मकान सूचीकरण, और मकानों की गणना छत्तीसगढ़ एक मई से 30 मई तक किया जाएगा। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स संतोष कुमार, नसीम अहमद, अशोक कुमार, सहित जिला स्तर से जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, एक जनगणना लिपिक, नगरीय मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपस्थित थे।

# अंजू पाथरे बनीं सिविल जज

### दंतेवाड़ा की आदिवासी बेटी ने बढ़ाया जिले का मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले की आदिवासी बेटी अंजू पाथरे का सिविल जज के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस सफलता से पूरे जिले में खुशी का माहौल है। सीमित संसाधनों और कई कठिनाइयों के बीच लगातार मेहनत करते हुए अंजू ने यह मुकाम हासिल किया और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गईं।

अंजू पाथरे ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर से बीकॉम एलएलबी की डिग्री हासिल की तथा डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर से मास्टर डिग्री प्राप्त की। उनके पिता हीरावत राम पाथरे पुलिस विभाग में एएसआई के पद पर थाना अरनपुर में पदस्थ हैं, जबकि माता अनिता पाथरे गृहिणी हैं। उनकी बड़ी बहन योगिता पाथरे नायब तहसीलदार के पद पर भानुप्रतापपुर में कार्यरत हैं। परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन को अंजू ने अपनी सफलता का श्रेय दिया है। अंजू का यह चौथा प्रयास था। इससे पहले तीन बार इंटरव्यू तक पहुंचने के बावजूद उन्हें सफलता नहीं मिली, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार पढ़ाई जारी रखी। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उनके आत्मविश्वास और मेहनत ने आखिरकार उन्हें सफलता दिलाई। अंजू पाथरे की इस उपलब्धि पर जिले के लोगों ने खुशी जताई है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। उनकी सफलता आने वाली पीढ़ियों, खासकर बेटियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

# 24 वर्षों बाद गूंजे वैदिक मंत्र, राम मंदिर में प्रारंभ हुई श्रीराम पूजा

रिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

नक्सल आतंक के कारण लगभग 24 वर्षों से बंद पड़े पोलमपल्ली के ऐतिहासिक राम मंदिर में एक बार फिर भक्ति की ज्योति प्रज्वलित हो उठी। लंबे अंतराल के बाद वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ-हवन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वर्षों से सूना पड़ा यह मंदिर अब पुनः श्रद्धा, आस्था और

- राम भक्तों ने आयोग सदस्य दीपिका शोरी से की हैंडपंप मांग

सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का प्रतीक बनकर उभरा है।

बताया जाता है कि नक्सल प्रभाव और विरोध के चलते सुकमा जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सनातन धर्म से जुड़ी गतिविधियाँ लगभग ठप हो गई थीं। सलवा जुडूम के समय यह मंदिर बंद हो गया था और तब से यहां नियमित पूजा-अर्चना नहीं हो पा रही थी। परंतु अब केंद्र और राज्य सरकार की सशक्त नक्सल-



विरोधी कार्यवाहियों के परिणामस्वरूप क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ है। इसी सकारात्मक परिवेश में पोलमपल्ली के राम मंदिर में पुनः पूजा प्रारम्भ होना एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण बन गया।

पूजा-अर्चना का शुभारंभ वैदिक विधि-विधान से किया गया। यज्ञ-हवन के साथ मंत्रोच्चार कर रामभक्तों ने प्रभु श्रीराम से क्षेत्र में सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। पूरा पोलमपल्ली उस समय भक्ति रस में डूब गया जब हनुमान चालीसा और श्रीराम की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर रहे थे। वर्षों बाद ऐसा दृश्य देखने को मिला, जब ग्रामीणों की आंखों में आस्था के साथ-साथ संतोष और गर्व भी झलक रहा था।

### दीपिका शोरी ने किया प्रेरित

हमेशा सनातन धर्म के कार्यक्रमों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली आदिवासी नेत्री एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी भी अपने समर्थकों के साथ यज्ञ स्थल पर पहुंचीं। मंदिर परिसर में प्रवेश करते ही उनका भावुक रूप देखने को मिला। उन्होंने श्रद्धा से प्रभु श्रीराम की पूजा-अर्चना की और यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की शांति और उन्नति की कामना की।

विशेष बात यह रही कि दीपिका शोरी ने स्वयं हनुमान चालीसा का पाठ किया। जब वे रामदेव नाग के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हनुमान चालीसा पढ़ रही थीं, तब सैकड़ों श्रद्धालु एक स्वर में उनका साथ दे रहे थे। यह दृश्य ग्रामीणों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। ग्रामीणों का कहना था कि जब उनका जनप्रतिनिधि उनके धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में पूरी सहभागिता निभाता है, तो उनमें उत्साह और आत्मविश्वास का संचार स्वतः हो जाता है।

### सनातन की लौ फिर हुई प्रज्वलित

पोलमपल्ली में राम मंदिर की पुनः शुरुआत केवल धार्मिक अनुष्ठान भर नहीं है, बल्कि यह सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। लंबे समय तक भय और असुरक्षा के साये में जी रहे ग्रामीणों के लिए यह आयोजन आत्मविश्वास की नई किरण लेकर आया है।

### नक्सलमुक्त होने पर प्रारम्भ हो रही धार्मिक गतिविधियां

अब जब क्षेत्र नक्सलमुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, तो धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का पुनः प्रारंभ होना विकास और स्थायित्व का संकेत माना जा रहा है। ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि श्रीराम की कृपा से क्षेत्र में शांति, सद्भाव और समृद्धि का मार्ग और अधिक प्रशस्त होगा।

### आस्था का ऐतिहासिक क्षण

हनुमान चालीसा की गूंज, "जय श्रीराम" के उद्घोष और यज्ञ की पवित्र अग्नि के बीच पोलमपल्ली ने एक ऐतिहासिक पल को साक्षी बनाया। 24 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद जब मंदिर के द्वार पूर्ण रूप से खुले और नियमित पूजा का संकल्प लिया गया, तो यह केवल धार्मिक पुनरुत्थान नहीं बल्कि आत्मसम्मान और सांस्कृतिक अस्मिता की पुनर्स्थापना का भी क्षण बन गया। पोलमपल्ली में प्रज्वलित यह सनातन ज्योति अब पूरे क्षेत्र में शांति, एकता और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश दे रही है। रामभक्तों ने आयोग सदस्या दीपिका शोरी से मंदिर में हैंडपंप की मांग की है।

### महाशिवरात्रि के बाद दान पेटी खोला गया...



**लोहंडीगुड़ा।** चित्रकोट के प्रतापेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के बाद सोमवार को दानपेटी खोला गया। भक्तों ने दिल खोलकर नगद राशि दानपेटी में चढ़ाया था। जिसकी गिनती की गई। मंदिर के संरक्षक पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप ने कहा कि राशि का उपयोग मंदिर के विकास में किया जाएगा।






**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर छ.ग.**
**रा.प्र.क्र. / अ-21/2024-25**

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विक्रेता कलविंदर कौर पति स्व. सुरेन्द्र सिह जाति पंजाबी, निवासी दूदंतेश्वरी वार्ड जगदलपुर तहसील जगदलपुर के द्वारा ग्राम बस्तर प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. बस्तर स्थित भूमि ख.नं. 245/3 रकबा 0.104 हे. यां ..........वर्गफूट परिवर्तित भूमि को क्रेता मोहम्मद जावेद मैमन पिता मोहम्मद अफजल जाति मुसलमान निवासी मेन रोड केशकाल तहसील -केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. के पक्ष में विक्रय किये जाने की अनुमति छ.ग. भू.रा.सं. धारा 165 (6 ग.) के तहत नक्शा सहित आवेदन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जगदलपुर से प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बस्तर के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है ।

उपरोक्त संबध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 26/02/2026 तक आपत्ति पेश कर सकते है। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बस्तर**

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर,**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**
**रा.प्र.क्र./क/ब 121/2025-2026**

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका राजकुमार बघेल पिता/पति धनर बघेल जाति भतरा निवास ग्राम कुड़कानार द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके स्वयं/पुत्र/पुत्री/मां/आरा पिता/पति धनर बघेल की माता/पिता मृत्यु दिनांक 20/05/2015 को ग्राम कुड़कानार में होना बताते हुए मृत्यु होने से मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 06/03/2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

**तहसीलदार**
**बस्तर**

## खबर संक्षेप

### मात्र 28 प्रतिशत खर्च करना सरकार की नाकामी



**जगदलपुर।** नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम राजेश चौधरी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत पिछले वर्ष के बजट का मात्र 28 प्रतिशत रकम खर्च किया जाना भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नाकामी को दर्शाता है। एक तरफ ठेकेदार लगातार भुगतान के लिए यहां वहां भटक रहे हैं। दूसरी तरफ पीडब्ल्यूडी विभाग के ईएनसी व्हीकेभट्टपहरी के द्वारा बस्तर जोन के अधिकारियों को भ्रष्ट बताते हुए भुगतान को सेंट्रलाइज करके दो लाख तक के भुगतान के लिए भी ईएनसी कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 1 अप्रैल तक पंजीयन

**जगदलपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा जारी सेना भर्ती अधिसूचना 13 फरवरी को जारी किया गया है जिसके अंतर्गत भारतीय सैन्य बलों में अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीक, लिपिक स्टोरकीपर, ट्रेडमैन 10 वीं पास, ट्रेडमैन 8 वीं पास, अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी किया गया है। जिसमें सेना भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी से आरंभ हो चुकी है। पंजीयन हेतु पोर्टल 1 अप्रैल तक खुली रहेंगी।

### विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कल

**जगदलपुर।** जिले के तोकापाल विकासखण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी पहल की जा रही है। सम्पूर्णता अभियान के अंतर्गत आगामी 25 फरवरी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर छापरभानपुरी में एक मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तोकापाल द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे विशेषज्ञ जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करना है। इस विशाल स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन हेतु चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों की एक विस्तृत टीम तैनात की गई है। उक्त शिविर में मरीजों की सघन स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

# बस्तर अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए तैयार

## अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ किर्सी ह्यवैरिनेन का मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और प्राकृतिक वैभव के प्रतीक बस्तर जिले में संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक एवं सीईओ सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के जगदलपुर आगमन पर मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर आत्मीय स्वागत किया गया, जहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनकी अगवानी की। एयरपोर्ट पर हुए इस गर्मजोशी भरे स्वागत ने न केवल अतिथि देवो भवः की परंपरा को जीवंत किया, बल्कि यह संकेत भी दे दिया कि बस्तर अब अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार है। सुश्री किर्सी का यह छह दिवसीय प्रवास, जो 23 से 28 फरवरी तक चलेगा, मुख्य रूप से ग्राम धुड़मारास और उसके आसपास के क्षेत्रों को विश्व स्तरीय पर्यटन मानकों के अनुरूप ढालने पर केंद्रित है। जिला प्रशासन बस्तर और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के समन्वय से आयोजित इस महत्वपूर्ण यात्रा का उद्देश्य स्थानीय पर्यटन को ऑन-साइट मेंटरशिप और सूक्ष्म योजना कार्य के माध्यम से नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। एयरपोर्ट पर हुए स्वागत समारोह के पश्चात अपने भ्रमण की शुरुआत करते हुए सुश्री किर्सी विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात की भव्यता को निहारेंगी और धुड़मारास में आयोजित होने वाली पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेंगी। इस प्रवास के दौरान वे धुरवा डेरा होमस्टे में रुककर स्थानीय जीवनशैली, परंपराओं और बस्तरिया खान-पान का प्रत्यक्ष अनुभव भी करेंगी। अपनी इस यात्रा के दौरान सुश्री किर्सी न केवल बस्तर के सुरम्य प्राकृतिक सौंदर्य का अवलोकन करेंगी, बल्कि स्थानीय हितधारकों, ग्रामीणों और हस्तशिल्पियों के साथ सीधा संवाद कर पर्यटन के नए अवसरों की पहचान भी करेंगी।



### स्वरोजगार के लिए मील का पत्थर साबित होगा

ह्यवैरिनेन के कार्यक्रम में बांस हस्तशिल्प कारीगरों के साथ तकनीकी चर्चा, कोटमसर गुफा और तीरथगढ़ जलप्रपात का भ्रमण तथा कयाकिंग व राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का तकनीकी मूल्यांकन शामिल है। विशेष रूप से वे स्थानीय समुदायों को यूनाइटेड नेशंस बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम की बारीकियों से अवगत कराएंगी और सतत ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पर्यटन ढांचे पर अपनी विशेषज्ञ राय साझा करेंगी। यह भ्रमण बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ यहां के युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोलने में मील का पत्थर साबित होगा।

## नगरनार मंडल में केंद्रीय बजट एवं वीबीजी राम जी योजना पर जन चौपाल

# ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





भाजपा नगरनार मंडल के शक्ति केंद्र कुम्हरावंड एवं बालीकोंटा शक्ति केंद्र में केंद्रीय बजट 2026 एवं वी.बी.जी. राम जी योजना के संबंध में जन चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही, जहां केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

जन चौपाल में मुख्य वक्ता के रूप में बस्तर सांसद भाजपा महेश कश्यप ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख घोषणाओं एवं वी.बी.जी. राम जी योजना के प्रावधानों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

केंद्रीय बजट 2026 में ग्रामीण विकास,कृषि उन्नयन,आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण एवं रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिए जाने की जानकारी क्रमबद्ध रूप से प्रस्तुत की गई। साथ ही वी.बी.जी. राम जी योजना के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को सुनिश्चित लाभ दिलाने की प्रक्रिया समझाई गई। जन चौपाल के माध्यम से संवाद स्थापित कर ग्रामीणों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला सहकारी मर्यादित केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा,जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्राही, जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सिमाचल दास, लाला राम पटेल, महामंत्री मनोज पटेल, सरिता साहू, संगीता महाराणा, जनपद सदस्य भूपेंद्र ठाकुर, अनीता नागे, विकास सिकदार, तपन सरपंच टेमल कश्यप, बिरेंद्र जोशी, तुलावती बघेल, सूमनी ठाकुर, जमेली ठाकुर, अनंत मोर्य, दयालु राम कश्यप सहित समस्त पदाधिकारीगण,शक्ति केंद्र के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 18 हजार क्विंटल धान खुले में...



**जगदलपुर।** सरकारी धान खरीदी समाप्त हुए लगभग एक महीना होने को है बावजूद सोसायटी और खरीदी केंद्रों में खुले में हजारो क्विंटल धान पड़ा हुआ है। ऐसे में मवेशियों और बारिश की संभावना के साथ-साथ सूखत में भी धान को नुकसान हो रहा है। अलग से सोसायटी के प्रभारी सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को खिला-पिलाकर नगद राशि भी दे रहे हैं। हरिभूमि ने सोमवार को सोसायटी बम्हनी का जायजा लिया। जहां कुल खरीदी 34760 क्विंटल में आधे से भी कम 14296 क्विंटल धान का ही परिदान हुआ है। आज भी 18 हजार 495 क्विंटल धान खुले में पड़ा हुआ है। थोड़ी बहुत धान की थप्पियों को प्लास्टिक से ढका गया है। बताया गया कि आरओ कटने के बाद भी मिलर्स धान को उठाने में विलंब कर रहे हैं। पतझड़ के बाद बारिश की संभावना रहती है इसलिए सुरक्षा की चिंता प्रभारी को करनी पड़ रही है। बताया गया कि किसानों को लगभग सवा 8 करोड़ की खरीदी में 5 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है शेष सवा 3 करोड़ की राशि की वसूली किसानों को दिए गए कर्ज का वसूला गया है।

# दर्जनों पहुंचविहीन गांवों के मजदूरों ने नकद भुगतान करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर




कांकेर जिले के अंतर्गत आने वाले परलकोट क्षेत्र के दर्जनों पहुंचविहीन और संवेदनशील गांवों के मजदूरों ने अपनी मेहनत की कमाई का नकद भुगतान किए जाने की मांग उठाई है।

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की व्यथा साझा की है। संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजीत मिस्त्री और सचिव अनिमेष विश्वास द्वारा जारी पत्र में बताया गया कि सितरम, शेरमुंडा, राजामुंडा, कोपेन गुंडा, आलदण्ड, कन्दाड़ी, बांगो घोड़ेगा, और हिदुर जैसे कई गांव प्राकृतिक संसाधनों पर आश्रित हैं। इन गांवों के मजदूरों को तेन्दूपत्ता तुड़ाई, मनरेगा और बांस कटाई जैसे कार्यों का पैसा निकालने के लिए मुख्यालय स्थित बैंकों के चक्कर काटने पड़ते हैं। ज्ञापन में गांव मुख्यालय से काफी दूर हैं और रास्ता जंगलों से भरा है, जिससे रात में जंगली जानवरों और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। अक्सर मजदूर किराया लगाकर बैंक पहुंचते हैं, लेकिन सर्वर डाउन होने या अन्य तकनीकी कारणों से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है। बैंक से पैसे लेकर लौटते समय ग्रामीणों के साथ लूटपाट या ठगी की घटनाएं होने का डर बना रहता है।

# समेकित बाल विकास सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



कलेक्टर आकाश छिकारा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लक्षित बच्चों, शिशुवती माताओं, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरी बालिकाओं को समेकित बाल विकास सेवाओं का अधिकतम लाभ दिलाने के लिए प्रोएक्टिव होकर कार्य किया जाए।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर लक्षित बच्चों की नियमित उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लक्षित आयु वर्ग के बच्चों का सेल्फ आधार, अपार आईडी बनाने सहित सभी लक्षित लाभार्थियों का आभा आईडी बनवाने के निर्देश दिए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के अंतर्गत प्रकरणों के निराकरण सहित सखी वन स्टाप सेंटर के माध्यम से पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए समन्वित पहल किए जाने कहा। कलेक्टर ने बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों निर्धारित समयावधि तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण करने कहा। वहीं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अद्यतन प्रगति लाने के साथ ही उपलब्ध बजट का उपयोग सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने दिशा दर्शन योजना एवं महिला जागृति शिविर आयोजन के लिए शीघ्र प्लान कर कार्यान्वयन किए जाने कहा। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजनांतर्गत लक्ष्य से अधिक प्रगति लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के डेटा के आधार पर समन्वित पहल करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों को क्षेत्रवार निगरानी बढ़ाने, डेटा अपडेट रखने तथा फील्ड विजिट के माध्यम से योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करने को कहा साथ ही समेकित बाल विकास सेवाओं के तहत पोषण, स्वास्थ्य और स्कूल पूर्व प्रारंभिक शिक्षा सेवाओं के समन्वित क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, शौचालय निर्माण, सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र विकास इत्यादि सहित सखी वन स्टाप सेंटर एवं बाल देखरेख संस्थानों के संचालन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मनोज सिन्हा सहित सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैकुंठपुर सरपंच को 11 लाख के गबन केआरोप पर पद से हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर



जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत बैकुंठपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। शासकीय राशि के गबन वित्तीय अनियमितता और कर्तव्यों में घोर लापरवाही बरतने के मामले में एसडीएम पखांजूर ने सरपंच सरिता उसेण्डी को पद से पृथक कर दिया है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) के तहत उन्हें सरपंच पद से हटाया गया है और साथ ही धारा 40 (2) (ख) के तहत आगामी 6 वर्षों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य (निहर्रित) घोषित कर दिया गया है। प्रशासन ने गबन की गई राशि की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। सरपंच ने अपने पिछले और वर्तमान कार्यकाल के दौरान लाखों रुपये की हेराफेरी की:स्कूल निर्माण में गबनः लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा स्कूल में कला कक्ष, प्रयोगशाला और पुस्तकालय निर्माण के लिए 23.59 लाख रुपए स्वीकृत थे। सरपंच ने 18,86,600 रुपए आहरित किए, जबकि मौके पर मात्र 8,63,866 रुपए का ही कार्य पाया गया। यहाँ सीधे तौर पर 10,22,734 रुपए की अनियमितता उजागर हुई। सोकपीट शोकपीट टैंक घोटाला वर्ष 2023-24 में 30 टैंकों के लिए 3.30 लाख रुपये स्वीकृत थे।

## सुदूर अंचल के आंगनबाड़ी केंद्र गुलजार...



**जगदलपुर।** स्कूल शिक्षा के पहले आंगनबाड़ी केंद्रों में नन्हे बच्चों को भर्ती कर अक्षर ज्ञान और खेल-खेल में दैनिक जीवन की शिक्षा दी जाती है। यह नन्हे बच्चे आगे चलकर विद्या अध्ययन कर अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करते हैं। बकावंड विकास खंड के सुदूर अंचल का एक गांव पखनागुड़ा में नन्हे बच्चे आंगनबाड़ी में मध्यान्ह भोजन कर खेलते नजर आए। यह इलाका ओडिशा सीमा से लगा हुआ है। जो ग्राम पंचायत कोलावल में आता है। विशेष बात यह दिखी कि मुख्य मार्ग के इस केंद्र में नन्हे बच्चे सड़क न चले जाएं इसलिए लकड़ियों का बाड़ा बनाकर परिसर के भीतर सुरक्षा घेरे में दिखाई पड़े बच्चे।




# श्रमिक की बेटी संस्कार सिटी स्कूल में संवार रही अपना भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में आई क्रांति अब सुदूर अंचलों के गरीब और श्रमिक परिवारों के आंगन तक पहुँचकर उनके बच्चों के सपनों को हकीकत में बदल रही है। शासन की अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के माध्यम से प्रदेश के होनहार विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा दिलाने का संकल्प अब धरातल पर जीवंत होता दिख रहा है। इसी कड़ी में बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम बिलौरी के एक पंजीकृत श्रमिक नंदकिशोर कश्यप की सुपुत्री डिंपल कश्यप ने अपनी मेधा और कड़ी मेहनत के दम पर सफलता का अध्याय लिख दिया है। डिंपल का चयन राज्य की प्रावीण्य सूची (मेरिट लिस्ट) के आधार पर राजनांदगांव के प्रतिष्ठित संस्कार सिटी स्कूल के लिए हुआ है, जो उनके परिवार के लिए किसी सुखद चमत्कार से कम नहीं है। यहां डिंपल कक्षा छठवीं में अध्ययन कर रही है और बारहवीं तक निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेगी।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी यह है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल ने डिंपल की माध्यमिक शिक्षा से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक की पूरी पढ़ाई का सारा खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस निःशुल्क और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रावधान ने परिवार के सिर से आर्थिक चिंता का बोझ पूरी तरह हटा दिया है, जिससे अब डिंपल की प्रगति की राह में कोई बाधा नहीं आएगी। अपनी बेटी की इस अभूतपूर्व सफलता पर पिता नंदकिशोर कश्यप भावुक स्वर में कहते हैं कि एक श्रमिक के लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा है। वे दिन-रात कड़ी मेहनत ही इसलिए करते हैं ताकि उनके बच्चों का भविष्य उनके अपने संघर्षपूर्ण जीवन से कहीं बेहतर और सुगम हो सके। आज सरकार की इस कल्याणकारी योजना ने उनके उन धुंधले सपनों को हकीकत के पंख दे दिए हैं।

माता-पिता के रूप में कश्यप दंपत्ति आज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्हें अब यह अटूट विश्वास हो चला है कि उनकी बेटी का भविष्य न केवल सुरक्षित है, बल्कि वह अपनी अटूट लगन से सफलता के उस आसमान को भी छू सकेगी जिसका उन्होंने कभी केवल कल्पनाओं में विचार किया था। ग्राम बिलौरी-2 से निकलकर एक प्रतिष्ठित स्कूल तक का डिंपल का यह सफर समाज के उस हर वर्ग के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों के अभाव में अपनी प्रतिभा को दबाए बैठे हैं। शासन की यह पहल स्पष्ट संदेश देती है कि यदि बच्चे में प्रतिभा और आगे बढ़ने की ललक हो, तो सरकार की योजनाएं एक मजबूत सेतु बनकर उन्हें सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुँचाने में पूरी मदद करती हैं।

